गोविंददेवजी मंदिर में फागोत्सव की शुरुआत राज्यपाल ने छप्पन भोग झांकी के किए दर्शन

कलाकरों ने ठाकुरजी के समक्ष फाग के रंग बिखेरे, नृत्य की प्रस्तुतियां

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। राजधानी जयपुर के आराध्य देव गोविंददेवजी मंदिर में रविवार से मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में तीन दिवसीय होली पारंपरिक फागोत्सव का आगाज हुआ। इस दौरान कलाकरों ने ठाकुरजी के समक्ष फाग के रंग बिखेरे। वहीं नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। यह परंपरा लगभग 200 साल पुरानी है। इस दौरान राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंदिर में विधिवत पूजा और आरती कर प्रदेशवासियों की संपन्नता और खुशहाली के लिए कामना की। राज्यपाल रविवार सुबह गोविंददेवजी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने जन जन के आराध्य भगवान गोविंददेवजी की आरती उतारी। उन्होंने भगवान को लगाए छप्पन भोग की झांकी के भी दर्शन किए। बाद में उन्होंने मंदिर प्रांगण में मनाए जा रहे फागोत्सव में भी भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि 17 से 19 मार्च तक होलिकोत्सव मनाया जाएगा, इसमें ठाकुरजी के सामने गुलाल से होली खेली जाएगी। दोपहर 12:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक लोक कलाकारों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। दोपहर 3 बजे से शाम 4:30 बजे तक रचना झांकी के दर्शन होंगे। 20 और 21 मार्च को फूल की होली खेली जाएगी। इस दौरान कोलकाता के प्रसिद्ध भजन सम्राट बाल व्यास श्रीकांत शर्मा दोपहर एक से शाम 4:30 बजे तक भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। कलाकार फाल्गुनी नृत्य की प्रस्तुतियां देंगे। कोलकाता, बरसाना और शेखावाटी के कलाकार पुष्प फागोत्सव में अपनी प्रस्तुतियों देंगे। राधा-कृष्ण के स्वरूपों पर सत्संग भवन की छत से फूलों की वर्षा की जाएगी। कलाकार चंग, धमाल, बांसुरी बजाने के साथ गीत गाते नजर आएंगे।

24 भक्त गुलाल से ठाकुर के समक्ष खेलेंग होली : फागोत्सव में 22 मार्च को होली पद भजनामृत वर्षा अनुष्ठान का विशेष आयोजन होगा। कोलकाता के पं. मालीराम शास्त्री दोपहर 1 से शाम 4:30 बजे तक भजनों के माध्यम से गोविंददेवजी को रिझाएंगे। निज मंदिर में 24 मार्च को राजभोग आरती सुबह 11.15 बजे के बाद भक्त गुलाल से ठाकुर के समक्ष होली खेलेंगे।

मंदिर में 24 मार्च को गुलाल होली का आयोजन होगा। राजभोग आरती सुबह 11.15 बजे होगी। जिसके बाद भक्त गुलाल से ठाकुरजी के सामने होली खेलेंगे। मंदिर में बरसाने की प्रसिद्ध लट्ठमार होली भी खेली जाएगी। जयपुर के विभिन्न कलाकार ठाकुर जी के सामने लट्ठमार होली खेलते नजर आएंगे।

छात्रवृत्ति के नाम से छात्रा से ठगी

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। छात्रवृत्ति दिलाने के नाम पर एक छात्रा से 20 हजार रुपए ठगने का मामला सामने आया है। इस सम्बंध में पीड़िता ने संजय सर्किल थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार झुंझुनूं निवासी रिंकू कुमारी ने मामला दर्ज करवाया कि वह पढ़ाई करती है और उसने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर रखा है। उसके पास एक कॉल आया, उसने स्वयं को समाज कल्याण विभाग में होना बताया और कहा कि आपको आपकी छात्रवृत्ति मिल जाएगी। इसके लिए आपको कुछ शुल्क जमा करवाना होगा। पीड़िता आरोपी द्वारा बताए गए अनुसार कई बार में 20 हजार 900 रुपए जमा करवा दिए। इसके बाद भी उसे छात्रवृत्ति नहीं मिली।

पूजा-अर्चना कर खाटूधाम के लिए पदयात्रा को किया रवाना

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। श्याम परिवार संघ समिति की ओर से रविवार को गणेश मंदिर खिरनी फाटक झोटवाड़ा से खाटूश्यामजी मंदिर के लिए रवाना हुई। श्याम परिवार संघ समिति के संस्थापक सदस्य यादराम यादव ने बताया कि पदयात्रा को विधिवत पूजा अर्चना कर राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल मकराना, राजस्थान सरकार खेल बोर्ड के पूर्व सदस्य हरीश यादव, न्यायाधीश महेंद्र राघव, कार्यक्रम संयोजक नारायण सिंह दीवराला ने रवाना किया।

सैकड़ों की संख्या में पदयात्री नाचते गाते हुए गणेश मंदिर से खाटूश्याम मंदिर सीकर के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष रामेश्वर चोपड़ा, तेज सिंह, भीमराज, राजेश शर्मा, महेंद्र सिंह यादव, एडवोकेट रेखा कंवर, नरेंद्र सिंह, सविता, पुष्पा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

मुख्य सचिव सुधांश पंत के हस्तक्षेप के बाद लैब टेक्नीशियन की मांगों का हुआ निस्तारण : सोनी

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। राजस्थान मेडिकल कॉलेज लैबोरेट्री टेक्नीशियन कर्मचारी संघ (चिकित्सा शिक्षा) के प्रदेश अध्यक्ष बजरंग कुमार सोनी के नेतृत्व में संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल की निदेशक मेडिकल कॉलेज (चिकित्सा शिक्षा) एवं शासन सचिव से राजस्थान जयपुर के साथ गत विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के दौरान वार्ता संपन्न हुई थी। जिसके निर्णय के आदेश फरवरी-2024 तक जारी नहीं होने पर वर्तमान मुख्य सचिव सुधांश पंत से महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष केसर सिंह चंपावत तथा प्रदेश महामंत्री जगेश्वर शर्मा एवं मेडिकल कॉलेज लैब टेक्नीशियन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष बजरंग कुमार सोनी ने राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव सुधांश पंत से मुलाकात कर प्रकरण से अवगत कराया।

33 महिलाओं को मिला नारीत्व सम्मान

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। बाबा बालक नाथ सेवा संस्थान द्वारा सम्मान नारीत्व का आयोजक किया गया। रितु उमेश अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के मुख्य संरक्षक बालमुकुंद आचार्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। कोषाध्यक्ष नवल किशोर गुप्ता ने बताया कि संरक्षक मीनाक्षी

गुप्ता, एसएस शेखावत, सलाहकार रजनी दिनेश माथुर, एडवोकेट ओपी गुप्ता, संयोजक डॉ. दीपम शर्मा, बसंत जैन, रेखा गोयल, विनोद जैन, घनश्याम मुलानी, कृतिका गुप्ता द्वारा नए सदस्यों का स्वागत किया गया। वहीं बालमुकुंद आचार्य साथ में अन्य वीआईपी पंकज शर्मा, राजेंद्र खरबास, गोपाल गुप्ता, सुमन शर्मा, देवेंद्र सिंह कच्छावा, राज जैन, आशीष कंधारी, अशोक शर्मा, अमित जीवनानी एवं अन्य द्वारा 33 महिलाओं को सम्मानित किया।

भक्ति भाव व पूर्ण श्रद्धा के साथ सिद्ध चक्रमहामंडल विधान पूजा शुरू

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। जैन धर्म के शाश्वत अष्टाह्निका महापर्व पर रविवार को भक्ति भाव व पूर्ण श्रद्धा के साथ सिद्ध चक्र महामण्डल विधान की पूजा प्रारंभ हुई। वीतराग विज्ञान महिला मण्डल की अध्यक्ष सुशीला जैन अलवर वालों के सानिध्य में 24 मार्च तक आयोजित इस आठ दिवसीय पूजा में सिद्धों का गुण गाण किया जएगा। विधान के मुख्य समन्वयक

हीरा चन्द बैद ने बताया कि रविवार को विधानाचार्य पंडित जिनेन्द्र शास्त्री ने पूजा के प्रारम्भ में मंगल कलश की स्थापना कराकर पूजा प्रतिज्ञा दिलाई। डॉ. शांति कुमार पाटिल ने कविवर सन्त कुमार द्वारा लिखित सिद्धचक्र विधान पूजा का बहुत ही मार्मिक रूप से अर्थ समझाया। पूजा में समाज श्रेष्ठी उमरावमल सांघी की गरिमामय उपस्थिति रही। प्रसिद्ध गायक कलाकार पंडित हिमांशु शास्त्री, पंडित समकित शास्त्री एवं पंडित अनेकांत शास्त्री ने विभिन्न रागों में पूजा का गायन कर सब को सम्मोहित कर दिया।

दुपहिया वाहन चुराने वाला पकड़ा

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। रामनगरिया थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से तीन चोरी के दुपहिया वाहन भी जब्त किए गए हैं। गिरफ्तार

आरोपी के खिलाफ जयपुर शहर और अन्य जिलों में पूर्व में वाहन चोरी के दर्जनों मामले दर्ज है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि रामनगरिया थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले गिरोह के शातिर वाहन चोर भूपेन्द्र मीणा निवासी हिंडौन जिला करौली को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की तीन बाइक बरामद की है। आरोपी भूपेन्द्र मीणा एक शातिर वाहन चोर है और उसके खिलाफ जयपुर शहर सहित अन्य थानों में वाहन चोरी के मामले दर्ज है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग लाखों का सामान जलकर खाक

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। राजधानी जयपुर में रविवार दोपहर 12.30 बजे एक मकान में आग लगने से हड़कंप मच गया। लोगों ने घर से धुंआ निकलता देखकर पुलिस और दमकल को जानकारी दी। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल ने दो घंटे में आग को कंट्रोल किया।

घटना महेश नगर 80 फीट के पास स्थित घर की है। मकान मालिक ने पूरा मकान में किरायेदार रखे हुए हैं। आज सुबह किरायेदार मकान में ताला लगाकर किसी कार्यक्रम में निकल गया। कुछ देर में ही मकान से धुंआ निकलने लगा। जिस पर स्थानीय लोगों ने किरायेदार को मकान में आग लगने की जानकारी दी। महेश नगर थाना पुलिस ने बताया कि रविवार को श्मशान घाट के पास एक मकान में अचानक आग लग गई। जानकारी मिलने पर पुलिस और दमकल मौके पर पहुंची। तीन दमकलों की मदद से आग को कंट्रोल किया गया। प्रारम्भिक जांच में आग शॉर्ट सर्किट से लगना सामने आया हैं। तीन दमकल की मदद से आग को करीब 2 घंटे में कंट्रोल किया गया। जानकारी में सामने आया कि आग जहां पर लगी थी एक गैस कि सिलेंडर भी रखा हुआ था। तय समय में दमकलकर्मी पहुंचे और गैस सिलेंडर को बाहर निकाला।

पुलिसकर्मियों ने देखी फिल्म 12वीं फेल

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने रविवार को जयपुर कमिश्नरेट के थानों में तैनात पुलिसकर्मियों को राज मंदिर में 12वीं फेल मूवी दिखाई।

बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिसकर्मियों में मेहनत के बल पर पास होने की सोच को बढ़ाने के लिए यह मूवी दिखाई जा रही हैं। कैसे एक 12वीं फेल लड़का इतनी मेहनत करता है कि वह काम के साथ-साथ अच्छी पढ़ाई करता है। आईपीएस बनकर हर युवाओं को प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि मेहनत का कोई सब्स्टिट्यूट नहीं होता है। फिल्म वह खुद देख चुके हैं। फील्ड प्रेरणा देने वाली हैं।

नि:शुल्क चिकित्सा जांच, परामर्श एवं रक्तदान शिविर का आयोजन

मॉर्निंग न्यूज @ रविवार। दिगंबर जैन सोश्यल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन के अंतर्गत दिगंबर जैन सोश्यल ग्रुप वीर एवं राजस्थान जैन युवा महासभा विद्याधर नगर जोन के द्वारा महावीर दिगंबर जैन मंदिर पार्क, मुरलीपुरा में प्रात: 9 बजे से दोपहर चार बजे तक नि:शुल्क चिकित्सा जांच, परामर्श एवं रक्तदान शिविर व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। दिगंबर जैन सोश्यल ग्रुप वीर के अध्यक्ष नीरज-रेखा जैन एवं सचिव पंकज-कशिश जैन ने बताया कि मानव सेवार्थ के इस शिविर में कुल 74 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ, सभी रक्तदाताओं

को प्रशस्ति पत्र एवं हेलमेट देकर सम्मानित किया गया।

दिगंबर जैन सोश्यल ग्रुप फेडरेशन राज. रीजन जयपुर के अध्यक्ष राजेश-सीमा बड़जात्या ने बताया कि शिविर में मणिपाल हॉस्पिटल, सेहत साथी फाउंडेशन, शंकरा आई हॉस्पिटल, शेखावाटी जनाना हॉस्पिटल, क्लोव डेंटल, वेलोज ईएनटी, एसके सोनी ब्लड बैंक, फ्रीडम ब्लड सेंटर की टीम ने निशुल्क सेवाएं दी। शिविर में 562 लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराकर विभिन्न डॉक्टर्स से नि:शुल्क परामर्श लेकर बीपी, शुगर, ईसीजी, थायरॉइड की नि:शुल्क जांच का लाभ प्राप्त किया।

बाइक देखने के बहाने ले भागा बदमाश

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। बाइक देखने के बहाने बदमाश उसे लेकर फरार हो गया। इस सम्बंध में पीड़ित ने प्रताप नगर थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार मदीना नगर निवासी नजाकत अली ने मामला दर्ज करवाया कि उसने ऑनलाइन बाइक बेचने के लिए विज्ञापन दिया था। इस पर उससे मोहसिन ने संपर्क किया। बाइक देखने के लिए आरोपी ने उसे जगतपुरा बुलाया। इस पर पीड़ित ने आरोपी को चाबी दे दी। बदमाश बाइक लेकर फरार हो गया। बदमाश काफी देर तक नहीं आया तो उसे ठगी का पता चला तो उसने आरोपी के नम्बरों पर सम्पर्क किया तो वह बंद मिला।

महिला प्रतिभाओं को एक्सीलेंस अवार्ड से किया सम्मानित

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। यूथ फेडरेशन और निजी हॉस्पिटल की ओर से वीमेंस एक्सीलेंस अवार्ड का आयोजन किया, जिसमें खेल, सामाजिक कार्य, स्वास्थ्य आदि अनेक क्षेत्रों की महिलाओं को सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन महिलाओं, खिलाड़ियों की उपलब्धियों को सम्मान देने के लिए किया गया। इस अवसर पर पुरस्कार पाने वाली महिलाओं को सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री तिलक गीताई, पद्मश्री गुलाबो सपेरा, द्रोणाचार्य अवार्डी

महावीर प्रसाद सैनी, कॉमन वेल्थ गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट शूटर महावीर सिंह शेखावत, सिल्वर मेडलिस्ट कॉमन वेल्थ गेम्स चैम्पयनशिप एवं यूथ फेडरेशन की स्पोर्ट्स सेल की नेशनल कोर्डिनेटर हेमलता शर्मा, निजी हॉस्पिटल के जोनल डायरेक्टर नीरव बंसल, डॉ. माला ऐरन एवं यूथ फेडरेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह राठौड़, नेहा दीक्षित, सृजना श्रेष्ठ, वीना नागपाल, प्रतिमा पटनायक, अंजू कंवर, भावना सिंह, प्रतिमा शर्मा अन्य विशेष मेहमानों के साथ दिया गया।

बादशाह, डिनो जेम्स, नीति मोहन और अली मर्चेंट के साथ झूमे शहरवासी

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। सीग्राम का रॉयल स्टैग की ओर से अनूठे म्यूज़िक फेस्टिवल रॉयल स्टैग बूमबॉक्स का दूसरा संस्करण शनिवार को आयोजित किया गया। रॉयल स्टैग बूमबॉक्स ने साहसपूर्वक मूल साउंडस्केप बनाने के लिए संगीत उद्योग की दो विपरीत शैलियों को एक साथ लाया, जिससे शहर जीवंत हो गया।

इसका आयोजन एक्ज़िबिशन और कन्वेंशन सेंटर, चमकदार रंगों और साउंड से जगमगा उठा, जहां संस्कृति, मर्चेंडाइज़, भोजन और कई इंटरैक्टिव अनुभवों के विभिन्न पहलुओं को लेकर आया गया, जिससे आगंतुकों को एक ही छत के नीचे भरपूर आनंद मिला।

मुख्य कार्यक्रमों के साथ-साथ, कई अन्य प्रदर्शनों ने इस शाम को आने वाले दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिनमें स्थानीय बैंड, डांसर्स, रैपर्स और बीटबॉक्सर्स के प्रदर्शन शामिल थे। जैसे ही शाम हुई, अली मर्चेंट ने मंच संभाला और आधिकारिक तौर पर अपने मैशअप से शाम की शुरुआत की। फिर, रैपर डिनो जेम्स ने हिप-हॉप की धड़काने वाली धुनों से भीड़ को जोश से भर दिया। जैसे ही रात हुई, गायिका नीति मोहन ने अपनी मनमोहक धुनों से जादू बिखेरते हुए मंच की शोभा बढ़ाई। उत्सव का समापन बादशाह के दिल जीतने वाले प्रदर्शन के साथ हुआ, जिन्होंने इस शाम को एक अलग स्तर पर पहुंचा दिया। इस सहयोग से उत्साहित रैपर बादशाह ने कहा कि रॉयल स्टैग बूमबॉक्स के लिए जयपुर में परफॉर्म करने का मेरा अनुभव वाकई यादगार था। मैं अगली बार इनके साथ भुवनेश्वर में अपने फैंस से मिलने का उत्सुकता से इंतज़ार कर रहा हूं। गायिका नीति मोहन ने कहा कि मैं एक और सीज़न के लिए रॉयल स्टैग बूमबॉक्स के साथ सहयोग करके बहुत उत्साहित हूं। हमने पिछले साल कुछ खूबसूरत यादें बनाईं और मुझे उम्मीद है कि इस साल संगीत का अनुभव और भी खास होगा। रैपर डिनो जेम्स ने कहा कि मुझे लगता है कि रॉयल स्टैग बूमबॉक्स एक अनूठा म्यूज़िकल प्लेटफॉर्म है, जो वास्तव में भारत के युवाओं से कनेक्ट करता है।

कैन फिन होम्स लिमिटेड
CanFinHomes Ltd (Sponsor: CANARA BANK)
एस-14, से एस-21, दूसरी मंजिल, गौजगढ़ टॉवर, हवा सडक, जयपुर -302006,
ईमेल: jaipur@canfinhomes.com, फोन:- 0141-2211644, 2211645,
7625079121 CIN- L85110KA1987PLC008699

कब्जा नोटिस नियम 8(1) (अचल सम्पत्ति के लिए)

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति-हित का प्रर्वतन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत एवं सपठित प्रतिभूति हित प्रर्वतन नियम 2002 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 'कैन फिन होम्स लिमिटेड' के निम्न हस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी ने मांग सूचना पत्र दिनांक 03.01.2024 को जारी किया जिसमें ऋणी: श्रीमती निशा सिंह पत्नी श्री भरत सिंह एवं श्री भरत सिंह पुत्र श्री हरिहरप्रसाद सिंह, प्लॉट नं.ई-126-ए, फ्लैट नं.टी-102, तृतीय तल, श्री दादूदयाल नगर, ई-ब्लॉक, कल्याणपुरा, तहसील-सांगानेर, जयपुर, राजस्थान-302020 एवं जमानतदार (श्री गौरव सिंह) को सूचना पत्र में उल्लेखित राशि रू. 33,02,765/- (रू. तैतीस लाख दो हजार सात सौ पैसठ मात्र) एवं अनुबंधित दरों के साथ अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य शुल्क पूर्ण भुगतान होने तक नोटिस की पावती की तारीख से 60 दिनों के भीतर भुगतान हेतु कहा गया था। ऋणी द्वारा राशि के भुगतान करने में असफल हो जाने पर ऋणी और आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्न वर्णित अचल सम्पत्ति का अधिकरण दिनांक 15 माह मार्च, वर्ष 2024 को कर लिया गया है। ऋणियों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है। विशेषकर ऋणी एवं सामान्य तौर पर जनसाधारण को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि निम्नलिखित सम्पत्ति बाबत कोई व्यवहार न करें और इन सम्पत्ति पर किये गए कोई भी व्यवहार 'कैन फिन होम्स लिमिटेड' के राशि रू. 33,02,765/- (रू. तैतीस लाख दो हजार सात सौ पैसठ मात्र) अनुबंधित दरों के साथ अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्क के अधीन भार होगा।

अचल संपत्ति का विवरण

प्लॉट नंबर ई-126-ए, फ्लैट नं. टी-102, तृतीय तल, श्री दादूदयाल नगर, ई-ब्लॉक, कल्याणपुरा, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान-302020, क्षेत्रफल:- 1400 वर्गफीट, प्लॉट नं. बी-126 की सीमाएं:- उत्तर: प्लॉट नं.127, दक्षिण: सड़क 30 फीट चौड़ी, पूर्व: सड़क 30 फीट चौड़ी, पश्चिम: प्लॉट नं.141

दिनांक : 17/03/2024 स्थान: जयपुर

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, कैन फिन होम्स लि.

इण्डियन ओवरसीज बैंक
एमआई रोड शाखा, जयपुर (0158) 11, ऋतुराज बिल्डिंग, एमआई रोड़, अमरापुरा दरवार के सामने, जयपुर, राजस्थान- 302001
ईमेल: iob0158@iob.in फोन- 0141-2371711, 2361710

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

प्रतिभूत हित (प्रर्वतन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का रचानात्मक कब्ज़ा इंडियन ऑवरसीज बैंक, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहां है, जैसी है, और जो कुछ भी है"** के आधार पर बकाया **रू. 1,08,77,126.32** (रूपये एक करोड़ आठ लाख सत्तहत्तर हजार एक सौ छब्बीस एवं बत्तीस पैसे मात्र) दिनांक **29.02.2024** तक व **01.03.2024** से अनुबंध की दर पर आगे का ब्याज, पूर्ण भुगतान होने तक शुल्को सहित शेष हेतु **निम्नलिखित ऋणीयों/जमानतदारों** से इंडियन ऑवरसीज बैंक, प्रतिभूत लेनदार के बकायों की वसूली हेतु **दिनांक 05.04.2024** को विक्रय किया जायेगा।

ऋणी (नाम और पूरा पता): मैसर्स अग्रिम डेयरी (पार्टनरशिप फर्म) (ऋणी) पता: एल-6, प्रथम तल, चितरंजन पार्क, दक्षिणी दिल्ली, दिल्ली-110019, पता: भूतल, दुकान नंबर 1921/19, गोविंदपुरी एक्सटेंशन कालकाजी, नई दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली-110019, इकाई/फर्म का पता: ग्राम कुंभपुरिया, पोस्ट- नांगल, कोजू, पटवारहल्का नागलकोजू, तहसील चौमू, सीकर रोड, जिला जयपुर-303804

श्री श्याम सिंह चौधरी पुत्र श्री बीरबल सिंह (साझेदार), श्री परमिंदर सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री तेहल सिंह (साझेदार), श्री देवांग अग्रवाल पुत्र श्री सुरेश कुमार अग्रवाल (साझेदार), श्री आदित्य कुमार अनुज पुत्र श्री श्याम सिंह (साझेदार) सभी साझेदार निवासी: एम 9, प्रथम फ्लोर, कालकाजी, दक्षिणी दिल्ली- 110019

गारंटर (नाम और पूरा पता): श्री श्याम सिंह चौधरी पुत्र श्री बीरबल सिंह (गारंटर), पता: एम9, प्रथम तल, कालकाजी, दक्षिणी दिल्ली-110019

श्री परमिंदर सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री तेहल सिंह (गारंटर और बंधककर्ता), श्री देवांग अग्रवाल पुत्र श्री सुरेश कुमार अग्रवाल (गारंटर और बंधककर्ता), श्री आदित्य कुमार अनुज पुत्र श्री श्याम सिंह (गारंटर एवं बंधककर्ता), सभी (गारंटर एवं बंधककर्ता) निवासी: एम9, प्रथम तल, कालकाजी, दक्षिणी दिल्ली-110019

आरक्षित मूल्य रुपये 84,74,800/- 1 प्रतिशत टीडीएस (रु. **84,800/-**) सहित होगा और चूंकि कर की गणना केवल आरक्षित मूल्य पर की गई है, इसलिए बोली लगाने वाले को बोली गुणक राशि पर 1प्रतिशत आयकर वहन करना होगा। बैंक इसके लिए कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा।

अचल संपत्ति का विवरण

श्री आदित्य कुमार पुत्र श्री श्याम सिंह, श्री परमिंदर सिंह पुत्र श्री तेहल सिंह और श्री देवांग अग्रवाल पुत्र श्री सुरेश कुमार अग्रवाल के नाम से औद्योगिक सम्पत्ति जिसमें खाता नंबर 48, खसरा नंबर 2017/2008, रबका 0.63 हेक्टेयर अर्थात् 6300 वर्गमीटर जो गांव कुंभपुरिया, पोस्ट नांगल, कोजु, पटवार हल्का नागल कोजु, तहसील चौमूं, सीकर रोड़, जिला जयपुर, राजस्थान में स्थित है। सीमाएं:- उत्तर में: खसरा नंबर 1604, दक्षिण में: सड़क, पूर्व में: खसरा नंबर 1609/1, पश्चिम में: खसरा नंबर 2009/1611

*स्थानीय स्वशासन का बकाया रू... (संपत्ति कर, जल सीवरेज, बिजली बिल इत्यादि)- बैंक को ज्ञात नहीं।
*बैंक के बकाए को वैधानिक बकाए की तुलना में प्राथमिकता दी जाती है।

ई-नीलामी की तिथि और समय: दिनांक 05.04.2024 को दोपहर 1.00 बजे से शाम 4.00 बजे के मध्य नीलामी प्लेटफार्म https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi पर (प्रत्येक 10 मिनट के स्वतः विस्तार सहित) बिक्री पूरी होने तक।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया सेवा प्रदाता लिंक https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi या बैंक की वेबसाइट https://www.iob.in देखें।

तारीख: 14.03.2024 वास्ते इण्डियन ओवरसीज बैंक
स्थान: जयपुर प्राधिकृत अधिकारी

इस नोटिस को उक्त ऋण के ऋणियों और गारंटरों को उपर्युक्त तिथि को ई-नीलामी आयोजित करने के बारे में प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6)/नियम 9(1) के तहत एक नोटिस के रूप में भी माना जा सकता है।